# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
26/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Inext, Prayagraj(UP)**

# किसी भी टेंट में लगा हीटर और ब्लोवर तो एक्शन तय

**माघ मेला सलाहकार समिति की बैठक में हुई कई इंपॉर्टेंट डिसीजंस**

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



आचार्य बाड़ा, दंडी संन्यासी और सैन्य अधिकारियों के साथ एडमिनिस्ट्रेशन ने की मीटिंग.

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (25 Nov):** पिछले साल कुंभ मेला के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था होने के बाद भी मेला क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं ने पूरे सिस्टम को काफी परेशान किया था. कहीं सिलेंडर में आग पकड़ने से तो कहीं, हीटर व ब्लोवर से शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की घटनाएं घटी थी. जिससे कई टेंट जल गए थे. लेकिन माघ मेला में इस तरह की घटनाएं न घटने पाएं, इसलिए डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ ही मेला एडमिनिस्ट्रेशन ने इस बार मेला क्षेत्र में लगने वाले टेंटों व पंडालों में हीटर व ब्लोवर का इस्तेमाल करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध का निर्णय लिया है. साथ ही सिलेंडर को जमीन में गाड़कर रखने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है.

**13** थाने बनेंगे मेला क्षेत्र में

**40** चौकियां भी बनाई जा रही है

**12** वॉच टॉवर से होगी निगरानी

### तट से 200 मीटर दूर रहेगा मेला क्षेत्र

सोमवार को इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में मेला तैयारियों को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित मेला सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया. इसमें अधिकारियों के साथ ही आचार्य बाड़ा, दंडी संन्यासी व सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे. बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी बीसी गोस्वामी ने की. डीएम ने कहा कि माघ मेले में नदी के दोनों तट पर दो सौ मीटर स्नान क्षेत्र को छोड़कर मेला क्षेत्र बसाया जाएगा और टेंट लगाए जाएंगे. लेकिन किसी भी टेंट में इस बार हीटर और ब्लोवर नहीं लगाया जा सकेगा. अगर किसी टेंट में हीटर ब्लोवर लगा हुआ मिला तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी. सुरक्षा के मद्देनजर लिए गए इस निर्णय पर सभी ने सहमति जताई.

### जमीन आवंटन में न हो भेदभाव

आचार्य बाड़ा, दंडी बाड़ा और अन्य संगठनों के लोगों ने जमीन आवंटन में निष्पक्षता बरतने की मांग की. जिस पर डीएम ने कहा कि किसी के साथ भेदभाव नही होने दिया जाएगा. जमीन की उपलब्धता के अनुसार ही जगह दिया जाएगा. डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र मे प्रवचन से संबंधित होर्डिंग को छोड़ कर बिना परमिशन के एक भी विज्ञापन की होर्डिंग बैनर नही लगाई जाएगी. बिजली विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि टेंटो मे बिजली के पुराने तार लगाए गए तो कार्रवाई होगी. मुख्य स्नान पर्वों विशेष रूप से मौनी अमावस्या पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्रामालय व अलाव की व्यवस्था का निर्णय लिया गया. महत्वपूर्ण पर्वों पर ट्रैफिक डायवर्जन 24 घंटे पहले और वाहन पास को लेकर भी रणनीति तय हुई.

## Dainik Paper, Prayagraj(UP)

# हीटर-ब्लोवर व रेत के गड्ढे में सिलिंडर रखने पर प्रतिबंध

**टेंट अथवा पंडाल में इन उपकरणों के प्रयोग पर होगी कार्रवाई, तंबुओं में पुराने तार, होल्डर, स्विच का कतई प्रयोग नहीं होगा, की जाएगी जांच**

जासं, प्रयागराज : माघ मेले की तैयारियों को गति प्रदान करने के लिए सोमवार को बुलाई गई मेला सलाहकार समिति की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। परेड मैदान स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आइसीसीसी) में हुई बैठक में सुरक्षा और सुविधाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। माघ मेले में हीटर और ब्लोवर को प्रतिबंधित कर दिया गया है। किसी भी टेंट अथवा पंडाल में इनके प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रेत के गड्ढे में गैस सिलिंडर नहीं रखा जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण दोनों बिंदुओं पर आम सहमति बनी। इसी दौरान कई सदस्यों ने टेंट में वायरिंग के तार काफी पुराने लगा देने की शिकायत की, जिस पर डीएम भानुचंद्र गोस्वामी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पुराने तार, होल्डर व स्विच आदि बिजली के उपकरण कतई नहीं लगाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में व्यावसायिक विज्ञापन प्रयागराज मेला प्राधिकरण की अनुमति पर कराए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। सिर्फ प्रवचन से संबंधित विज्ञापन ही बिना अनुमति के लगाए जा सकेंगे।

बैठक में सबसे पहले एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा हुई। मेला क्षेत्र में जमीन आवंटन पर सबसे पहले बात हुई। खाक चौक, दंडीबाड़ा, आचार्य बाड़ा एवं प्रयागवाल को भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। आचार्य बाड़ा के संतों ने सुरक्षा पर विशेष जोर देने को कहा। मुख्य स्नान पर्वों पर विशेषकर मौनी अमावस्या पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्रामालय व अलाव की व्यवस्था का निर्णय हुआ। माघ मेले में साफ-सफाई, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं शौचालयों, सोख्तों के उत्तम प्रबंध के बारे में प्रशासनिक अधिकारियों ने जानकारी दी। पेयजल एवं खाद्य सामग्री, गैस सिलिंडर की उपलब्धता पर भी निर्देश दिए गए। शहर की 15 गैस एजेंसियों को मेले में लगाया गया है, जो सिलिंडर की आपूर्ति करेंगी। महत्वपूर्ण पर्वों पर ट्रैफिक डायवर्जन 24 घंटे पहले और वाहन पास को लेकर भी रणनीति तय हुई। महिलाओं के लिए घाटों पर चेंजिंग रूम, दशाश्वमेध क्षेत्र में रैन बसेरे की अतिरिक्त व्यवस्था होगी। कल्पवासियों, संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के विशेष इंतजाम की जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी। बताया कि 13 थाने बनाए जा रहे हैं। इस बार अक्षयवट थाना अतिरिक्त बनेगा। इसके अलावा 40 पुलिस चौकियां, 12 वॉच टॉवर बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में सुरक्षा को चार हजार पुलिसकर्मी, आरएएफ, पीएसी, एनडीआरएफ के जवान मुस्तैद होंगे।

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अलावा गुणवत्तापरक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों पर कतार में होने वाली असुविधाओं पर अलग से विचार-विमर्श करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ प्रेमरंजन सिंह, एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया, मेलाधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा, एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे।



आइसीसीसी कार्यालय में आयोजित मेला सलाहकार समिति की बैठक में शामिल जिलाधिकारी • जागरण

**इन प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- नदी के दोनों तट पर दो सौ मीटर स्नान क्षेत्र को छोड़कर मेला बसेगा
- पिछली बार सामान वापस न करने वाली संस्थाओं को नहीं मिलेगी सुविधा
- खोया-पाया केंद्र पहले की तरह होंगे संचालित, पुलिस के अलग केंद्र

**खास बातें**

**24** घंटे पहले हो जाएगा ट्रैफिक डायवर्जन महत्वपूर्ण पर्वों पर

**15** गैस एजेंसियां करेंगी मेले में सिलिंडर की आपूर्ति

**40** पुलिस चौकियां व 12 वॉच टॉवर बनाए जाएंगे मेला क्षेत्र में

## Dainik Bhaskar, Jamshedpur(JKD)

# रैफ को दंगा से निपटने के लिए मिल रहा प्रशिक्षण

जमशेदपुर | सुंदरनगर स्थित रैफ की 106वीं बटालियन परिसर में कमांडेंट पीके सिंह व सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह की देखरेख में परिवर्तन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत सोमवार को हुई व समापन 21 दिसंबर को होगा। 150 जवान को प्रशिक्षण मिलेगा। रैफ के जवानों दंगा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

The Hindu,Coimbatore(TN)

## Dengue awareness

COIMBATORE

The 105 Battalion of Rapid Action Force (RAF) here conducted an awareness programme on dengue recently in which 450 families of RAF personnel took part.

District epidemiologist Sivachandran and Block Medical Officer Parimala spoke on measures to be taken to prevent dengue.

A release said the incidents of dengue were reported in and around Vellalore where the dump yard of the Coimbatore Corporation was situated.

# Daily Thanthi (TN)

## சபரிமலையில் பக்தர்கள் கூட்டம்



சபரிமலை அய்யப்பன் கோவிலில் மண்டல பூஜைக்காக நடை திறந்து நாள் தோறும் பூஜைகள் நடைபெற்று வருகிறது. இதையொட்டி கோவிலுக்கு வரும் பக்தர்களின் கூட்டம் நாளுக்கு நாள் அதிகரித்து உள்ளது. அய்யப்பனை தரிசிக்க வரிசையில் காத்திருந்த பக்தர்களை படத்தில் காணலாம்.



சபரிமலையில் கேரள உயர்நீதிமன்ற சபரிமலை அமர்வு நீதிபதி தேவன் ராமச்சந்திரன் நேற்று தரிசனத்துக்கு பின் சன்னிதானத்தில் துாய்மை பணி செய்தார்.

## சபரிமலைக்கு செல்ல அனுமதி கோரும் ரஹ்னா

**சபரிமலை, நவ. 25–**

கடந்த ஆண்டு சபரிமலைக்கு வந்த, ரஹ்னா பாத்திமா, இந்த ஆண்டும் வர அனுமதி கோரியுள்ளார்.

கேரளாவைச் சேர்ந்த, ரஹ்னா பாத்திமா, கடந்த ஆண்டு சபரிமலை வந்தார். சன்னிதானம் நடைப்பந்தல் அருகே, பக்தர்களின் கடுமையான எதிர்ப்பால் திரும்பி சென்றார்.

அவர் விட்டுச் சென்ற இருமுடி கட்டை பார்த்த போது, வழிபாட்டு பொருட்களுக்கு பதிலாக, கொய்யாப்பழம் முதலிய பொருட்கள் இருந்தன. இது, பெரும் விவாதத்தை கிளப்பியது.

தொடர்ந்து, மத உணர்வுகளை புண்படுத்தியதாக, கைது செய்யப்பட்டார்; இந்நிலையில், இந்த ஆண்டும் சபரிமலை செல்லப் போவதாகவும், அதற்கு பாதுகாப்பு வழங்க வேண்டும் என்றும் கோரி, கொச்சி போலீஸ் துணை ஆணையரிடம் மனு கொடுத்துள்ளார்.

மனுவை பெற்ற ஆணையர், அரசுடன் ஆலோசனை நடத்தி, பதில் சொல்வதாக தெரிவித்துள்ளதாக, ரஹ்னா பாத்திமா, நிருபர்களிடம் தெரிவித்தார்.

105 BN RAF DEPLOYMENT AT SABARIMALA PILGIRMS (TN)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**